## दिनांक 27.04.2018 को एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना की परियोजना संचालन समिति (PSC) की सातवीं बैठक का कार्यवृत्त

एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना (ILSP) की परियोजना संचालन समिति की सातवीं बैठक दिनांक 27.04.2018 को अपराह्न 12:30 बजे श्री उत्पल कुमार सिंह, मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन एवं अध्यक्ष, परियोजना संचालन समिति की अध्यक्षता में मुख्य सचिव सभागार, सचिवालय देहरादून में सम्पन्न हुई। बैठक में उपस्थिति का विवरण एवं कार्यवृत्त निम्नवत है:

उपस्थित सदस्यों /प्रतिनिधि का विवरण :–

1. प्रमुख सचिव, ग्राम्य विकास, उद्योग व जलागम, उत्तराखण्ड शासन, श्रीमति मनीषा पंवार।
2. सचिव, पशुपालन, उत्तराखण्ड शासन, श्री आर0मीनाक्षी सुन्दरम।
3. मुख्य परियोजना निदेशक, CPCU-ILSP, श्री डी0सेन्थिल पाण्डियन।
4. परियोजना निदेशक, परियोजना समिति जलागम प्रबन्ध निदेशालय (PS-WMD) श्री कपिल लाल।
5. अपर सचिव, कृषि, उत्तराखण्ड शासन एवं अपर परियोजना निदेशक, UGVS/प्रबन्ध निदेशक, उपासक, डा0 राम बिलास यादव।
6. सीनियर प्रोग्राम मैनेजर, उत्तराखण्ड जैविक उत्पाद परिषद, श्री अमित श्रीवास्तव।
7. संयुक्त निदेशक, कृषि, श्री दिनेश कुमार।
8. स्टेटिकल आफिसर, उद्यान विभाग, श्री महेन्द्रपाल।
9. प्रबन्धक- एस0एल0बी0सी0, श्री सतेन्द्र शर्मा।
10. वैज्ञानिक, एच0आर0डी0आई0, गोपेश्वर, डा0 वी0पी0भट्ट।
11. स्टेटिकल आफिसर, जलागम निदेशालय, डा0 सौरभ त्रिपाठी।

उपरोक्त के अतिरिक्त परियोजना के प्रबन्धक व अधिकारी गणों द्वारा उक्त बैठक में प्रतिभाग किया गया।

एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना के मुख्य परियोजना निदेशक द्वारा संचालन समिति की सातवीं बैठक में अध्यक्ष महोदय की अनुमति से उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत करते हुये एजेन्डा के अनुसार बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी। बिन्दुवार बैठक का कार्यवृत्त निम्नवत् है:-

### कार्यसूची PSC: 7.01: एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना (ILSP) की परियोजना संचालन समिति की दिनांक 28.01.2016 को आयोजित छठीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि।

सदस्य सचिव/मुख्य परियोजना निदेशक ILSP द्वारा सदस्यगणों को अवगत कराया गया कि एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना की परियोजना संचालन समिति की छठी बैठक मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन की अध्यक्षता में दिनांक 28.01.2016 को सम्पन्न हुई। उक्त बैठक का कार्यवृत्त पत्रांक 173/PSC-6/2015-16

दिनांक 30.01.2016 के माध्यम से सभी सदस्यों को प्रेषित किया गया। बैठक का कार्यवृत्त पुष्टि के लिए समिति के समक्ष अवलोकनार्थ प्रस्तुत किया गया।

**सदस्यगणों द्वारा अवलोकन कर कार्यवृत्त की पुष्टि की गई।**

**कार्यसूची PSC: 7.02: दिनांक 28.01.2016 को एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना की परियोजना संचालन समिति की छठी बैठक में लिये गये निर्णयों के अनुपालन की स्थिति।**

मुख्य परियोजना निदेशक द्वारा सदस्यगणों को अवगत कराया गया कि एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना की परियोजना संचालन समिति की दिनांक 28.01.2016 को आयोजित छठी बैठक में समिति के सदस्यों द्वारा अनुपालन हेतु तात्कालिक बिन्दुओं को इंगित किया गया था। उक्त बिन्दुओं पर निर्देशानुसार कार्यवाही की जा चुकी है।

**कार्यसूची PSC: 7.03: एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना के वित्तीय वर्ष 2016–17 के लेखा की वार्षिक अंकेक्षण रिपोर्ट तथा Balance Sheet का अनुमोदन।**

सदस्य सचिव/मुख्य परियोजना निदेशक–ILSP द्वारा सदस्यगणों को अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2016–17 में एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना की गतिविधियों का ऑडिट CA Firm M/s Ansul Agrawal & Company के द्वारा किया गया। ऑडिट उपरान्त CA Firm M/s Ansul Agrawal & Company द्वारा निर्धारित प्रारूप में Project Financial Statement, आडिट रिपोर्ट तथा आय व्यय खातों सहित बैलेन्सशीट उपलब्ध करायी गयी है। उक्त की प्रति सदस्यगणों के अवलोकनार्थ प्रस्तुत की गई।

**समिति द्वारा उपरोक्तानुसार Balance Sheet व Project Financial Statement का अवलोकन कर अनुमोदन प्रदान किया गया।**

**कार्यसूची PSC: 7.04: एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना के वित्तीय वर्ष 2017–18 के लक्ष्यों के सापेक्ष प्रगति की अद्यतन स्थिति :–**

सदस्य सचिव/मुख्य परियोजना निदेशक–ILSP द्वारा सदस्यगणों को अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2017–18 हेतु संशोधित RAWPB रू0 **201.16 करोड** जिसमें रु. 42.29 करोड़ Beneficiary Contribution तथा Bank Finance इत्यादि सम्मिलित है। उक्त के सापेक्ष दिनांक 31.03.2018 तक **रु.160.97 करोड़** की प्रगति की

गई है। उपलब्धियों का घटक व उपघटकवार विवरण निम्नानुसार तथा गतिविधियों का विवरण पृथक से समिति के अवलोकनार्थ रखते हुए गतिविधिवार Powerpoint Presentation किया गया--

| Component | RAWPB 2017-18 | |
|---|---|---|
| **Sub-Component** | **Target (Rs.000)** | **Total Progress** |
| **Food Security & Livelihood Enhancement** | **798956** | **724384** |
| **Participatory Watershed Management** | **785595** | **503752** |
| **Livelihood Finance - UPASaC** | **396557** | **366652** |
| **Project Management** | | |
| Central Project Coordination Unit | **5990** | 2832 |
| M&E and KM-UGVS | **14451** | 12868 |
| M&E and KM-WMD | **10113** | 3708 |
| **Sub Total** | **30554** | **19408** |
| **TOTAL** | **2011662** | **1614196** |

समिति द्वारा उपरोक्तानुसार बजट के सापेक्ष 80.24% प्रगति पर संतोष व्यक्त किया गया।

प्रस्तुतीकरण के समय मुख्य सचिव महोदय द्वारा निम्नानुसार निर्देश दिए गए :-

- परियोजना में अच्छे कार्य हुए हैं किन्तु Publicity उस स्तर की नहीं है। कार्यो की Publicity यथास्थिति करायी जाए।
- उत्पादक समूह/आजीविका संघों के उत्पादों हेतु Market Linkage तथा Market Tie up पर विशेष ध्यान दिया जाए।
- FAB India, बकरी छाप, पतंजली एवं अवनि तथा हार्क संस्था आदि से समन्वयन कर जानकारी प्राप्त की जाए कि ये किन किन फर्मो से Pakaging कराते हैं। RFP के माध्यम से अच्छी फर्मों को सूचीबद्ध कर Pakaging की Quality को सुधारा जाए।

## कार्यसूची PSC: 7.05: संशोधित वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट वर्ष 2017–18 का कार्योत्तर अनुमोदन।

समिति के संज्ञान में लाया गया कि एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना की वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट 2017-18 को रू0 **201.21 करोड़** की धनराशि से रू0 **201.16 करोड** संशोधित कर आईफैड से सहमति प्राप्त की गई तथा तद्नुसार कार्य किए जा चुके हैं। घटकवार व उपघटकवार वार्षिक कार्ययोजना कार्योत्तर अनुमोदन हेतु निम्नानुसार समिति के समक्ष प्रस्तुत की गई एवं विस्तृत विवरण सदस्यगणों के अवलोकनार्थ पृथक से प्रस्तुत किया गया।

| Component | RAWPB 2017-18 | | Financing Plan (Rs.000) | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **Sub-Component** | **Units** | **Amount (Rs.000)** | **GoUK & IFAD** | **Banks** | **Bene** |
| **Food Security & Livelihood Enhancement** | **25605** | **798956** | **669640** | | **54744** |
| **Participatory Watershed Management** | **5367** | **785595** | **477479** | **0** | **26273** |
| **Livelihood Finance - UPASaC** | **313** | **396557** | **20307** | **341939** | **0** |
| **Project Management** | | | | | |
| Central Project Coordination Unit | 72 | **5990** | 2832 | | |
| M&E and KM-UGVS | 628 | **14451** | 12868 | | |
| M&E and KM-WMD | 265 | **10113** | 3708 | | |
| **Sub Total** | 965 | **30554** | **19408** | **0** | **0** |
| **TOTAL** | **32250** | **2011662** | **1186834** | **341939** | **81017** |

एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना हेतु वित्तीय वर्ष 2017–18 के संशोधित वार्षिक बजट रू0 201.16 करोड को उक्तानुसार समिति द्वारा कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान किया गया।

## कार्यसूची PSC: 7.06: प्रस्तावित वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट वर्ष 2018–19 का अनुमोदन

सदस्य सचिव/मुख्य परियोजना निदेशक–ILSP द्वारा सदस्यगणों को अवगत कराया गया कि एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना के वित्तीय वर्ष 2018–19 के लिए धनराशि **रू॰ 220.72 करोड** की वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट तैयार किया गया है जिसकी मुख्य गतिविधियों का विवरण सदस्यगणों के अवलोकनार्थ प्रस्तुत किया गया। बजट का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है:–

| Component | AWPB 2018-2019 | | Financing Plan (000) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **Sub-Component** | **Units** | **Amount (000)** | **GoUK** | **IFAD** | **Banks** | **Bene** |
| FOOD SECURITY & LIVELIHOOD ENHANCEMENT | 18002 | 1005522 | 112621 | 860581 | | 32320 |
| PARTICIPATORY WATERSHED MANAGEMENT | 5574 | 752234 | 138140 | 560648 | | 53446 |
| LIVELIHOOD FINANCE - UPASaC | 7330 | 409084 | 37087 | 21997 | 350000 | |
| **PROJECT MANAGEMENT** | | | | | | |
| Central Project Coordination Unit | 136 | 14175 | 2849 | 11327 | | |
| M&E and KM-UGVS | 610 | 15814 | 2556 | 13258 | | |
| M&E and Knowledge Management (WMD) | 260 | 10449 | 3199 | 7250 | | |
| **Sub total** | **1006** | **40438** | **8604** | **31834** | | |
| **Grand Total** | **31912** | **2207278** | **296452** | **1475060** | **350000** | **85766** |

समिति के संज्ञान में लाया गया कि भारत सरकार एवं अन्तर्राष्ट्रीय कृषि विकास निधि (IFAD) के मध्य दिनॉक 01.02.2012 को सम्पादित वित्तीय अनुबन्ध के Schedule-1 Part-II के पैरा 6.2 के अनुसार परियोजना संचालन समिति के द्वारा परियोजना की वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट का अनुमोदन किया जाना है।

एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना हेतु वित्तीय वर्ष 2018–19 के प्रस्तावित वार्षिक बजट रू० धनराशि रू० 220.72 करोड का समिति द्वारा उपरोक्तानुसार अवलोकन कर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**उपरोक्त के साथ ही मुख्य परियोजना निदेशक द्वारा अध्यक्ष महोदय की अनुमति से सभी सदस्यों तथा उपस्थितगण प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित कर बैठक सम्पन्न होने की घोषणा की गयी।**

(उत्पल कुमार सिंह)
मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन एवं
अध्यक्ष, परियोजना संचालन समिति,
एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना–ILSP

(मनीषा पंवार)
प्रमुख सचिव, ग्राम्य विकास
उत्तराखण्ड शासन एवं सदस्य सचिव,
परियोजना संचालन समिति–ILSP

**एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना (IFAD- ILSP)**
**केन्द्रीय परियोजना समन्वयन इकाई (CPCU)**
**(ग्राम्य विकास विभाग, उत्तराखण्ड शासन)**
216, पंडितवाड़ी, फेज–II, देहरादून, उत्तराखण्ड, दूरभाष 0135–2773800

पत्रांक 29 / PSC-VII / 2018–19 दिनांक 16.05.2018

**प्रतिलिपि :– निम्न को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. अपर मुख्य सचिव, वन, उत्तराखण्ड शासन।
2. प्रमुख सचिव, ग्राम्य विकास, उत्तराखण्ड शासन।
3. प्रमुख सचिव, औद्योगिक विकास, उत्तराखण्ड शासन।
4. प्रमुख सचिव, जलागम देहरादून।
5. सचिव, वित्त, उत्तराखण्ड शासन।
6. सचिव ,पशुपालन, उत्तराखण्ड शासन।
7. सचिव कृषि / उद्यान, उत्तराखण्ड शासन।
8. प्रमुख वन संरक्षक, उत्तराखण्ड।
9. मुख्य परियोजना निदेशक, जलागम।
10. परियोजना निदेशक, उत्तराखण्ड जलागम विकास इकाई, जलागम प्रबन्ध निदेशालय, देहरादून।
11. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उपासक।

(मनीषा पंवार)
प्रमुख सचिव, ग्राम्य विकास
उत्तराखण्ड शासन एवं सदस्य सचिव,
परियोजना संचालन समिति–ILSP